# यूपीडा, कानपुर व बीएचयू आईआईटी के मध्य तीन साल का अनुबंध विस्तार

## नॉलेज पार्टनर के रूप में यूपीडा को दोनों दे रहे सहयोग

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए यूपीडा और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आईआईटी कानपुर व आईआईटी बीएचयू के मध्य 3 साल का अनुबंध विस्तार हुआ। यूपीडा मुख्यालय में यह अनुबंध आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. अभय करांदिकर व आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में हुआ।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी कानपुर व आईआईटी बीएचयू की ओर से नॉलेज पार्टनर के रूप में यूपीडा को सहयोग दिया जा रहा है। इसके मद्देनजर यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश के लिए बड़े पैमाने पर निवेशक रुचि ले रहे हैं।



यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की मौजूदगी में मंगलवार को यूपीडा, कानपुर व बीएचयू आईआईटी के बीच अनुबंध हुआ। -विज्ञप्ति

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए अब तक कुल 74 एमओयू हो चुके हैं। करीब 4000 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। इसके तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने नेक्स्ट जनरेशन (ब्रह्मोस-एनजी) मिसाइल परियोजना का लखनऊ में शिलान्यास कर दिया है। साथ ही मेसर्स भारत डायनेमिक्स लिमिटेड को यूपीडा ने झांसी में भूमि उपलब्ध करा दी गई है।

डिफेंस कॉरिडोर के इस अनुबंध हस्ताक्षर के दौरान यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीश चंद्र वर्मा, वित्त नियंत्रक एवं उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वजीत राय, मुख्य महाप्रबंधक डिफेंस कर्नल संजय सिंह (सेवानिवृत्त) और मीडिया सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय समेत डिफेंस कॉरिडोर से संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।